संघ लोक सेवा आयोग

नोटिस

सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2019

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक **03 फरवरी, 2019 (रविवार)** को देशभर के विभिन्न केन्द्रों/परीक्षा स्थलों पर सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2019 आयोजित करेगा। आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों के **ई-प्रवेश पत्र** अपनी वेबसाइट (http://www.upsc.gov.in) पर अपलोड किए हैं। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट ले लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपनी पहचान के प्रमाण (जैसा कि ऑनलाइन आवेदन में प्रविष्ट किया गया है) जैसे आधार कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/ राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा जारी कोई अन्य फोटो पहचान पत्र के साथ-साथ अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट प्रस्तुत करना होगा।

यदि ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है तब उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश का प्रिंटआउट और **तीन (3) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो)** तथा परिवचन देना होगा। **इस परीक्षा के लिए आयोग द्वारा कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।** ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, **आयोग** को तत्काल ई-मेल आईडी us.cds-upsc@gov.in के माध्यम से अधिक से अधिक **28 जनवरी, 2019** तक सूचित किया जाए, ताकि ऐसे मामलों में निर्णय लिया जा सके।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए पर्याप्त समय रहते ही ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें और "उम्मीदवारों हेतु महत्वपूर्ण अनुदेश" को भी ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

यह भी नोट कर लिया जाए कि परीक्षा-स्थल पर प्रवेश, परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा-स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

क्रमश: 2/-

<u>उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा-स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा-स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।</u>

उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि इस परीक्षा के लिए वे परीक्षा भवन में अपने साथ **<u>काला बॉल पॉइंट पेन</u>** लेकर आएं।

इस परीक्षा के प्रश्न-पत्रों में पूछे गए प्रश्नों से संबंधित अभ्यावेदन, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्‌वारा, इस परीक्षा के आयोजन की तारीख से सात (07) दिन की अवधि के भीतर केवल "ऑनलाइन प्रश्न-पत्र अभ्यावेदन पोर्टल" ["Online Question Paper Representation Portal (QPRep)"] के यूआरएल https://upsconline.nic.in/miscellaneous/QPRep/ के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जा सकता है। आयोग द्‌वारा किसी अन्य माध्यम से तथा उक्त अवधि के बाद प्राप्त कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्राम किए जाने योग्य डिवाइस अथवा पेन ड्राइव जैसा कोई स्टोरेज मीडिया, स्मार्ट वॉच आदि अथवा कैमरा अथवा ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित एक्सेसरीज चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, जिनका परीक्षा के दौरान संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है, परीक्षा भवन में प्रतिबंधित हैं। इन अनुदेशों का किसी प्रकार से उल्लंघन किए जाने पर संबंधित उम्मीदवार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भविष्य की परीक्षाओं/ चयन से विवर्जन भी शामिल है।

कीमती/ महंगे सामान तथा बैग भी परीक्षा स्थल पर लाने की अनुमति नहीं है।

<u>संघ लोक सेवा आयोग</u>
नई दिल्ली-110069 दिनांक 14 जनवरी, 2019